हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 जुलाई 2026

06 संतों, गो सेवकों और विहिप-बजरंग दल की...



09 गुरुपूर्णिमा पर आज मेवाड़ा में दिखेगी सांप्रदायिक...





## खबर संक्षेप

### कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण किया गया

**सागर।** कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड बीना द्वारा दल बनाकर कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें बीना में मे. दुबे ट्रेडर्स, मे. सुनील ट्रेडर्स, पूजा ट्रेडर्स तथा भानगढ़ में पटेल ब्रदर्स, श्री श्याम कृषि सेवा केंद्र, अजय ट्रेडर्स एवं अमित ट्रेडर्स आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जो अनियमितताएं पाई गई उन्हें दुरुस्त कराने के लिए फर्म संचालकों को नोटिस दिया गया। कीटनाशकों के सैंपल भी लिए गए। नोटिस का जवाब 3 दिवस में मांगा गया है। जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं होने पर फर्म संचालकों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही टीम द्वारा मूंग उपार्जन केंद्र एवं बिहारना वेयर हाउस स्थित खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया खाद के सैंपल लिए गए। ग्राम बेलई में हरिशंकर दुबे के ऑर्गेनिक फार्मिंग यूनिट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में अवधेश राय, बीना, दीपेश मोघे, उर्वरक निरीक्षक बीना, अभिषेक कौशिक कृषि विस्तार अधिकारी एवं सचिन चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### सागर जिले में मिलावट खोरों पर खाद्य सुरक्षा दल का बड़ा प्रहार

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी शुद्ध आहार अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर के निर्देशन में जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम हेतु ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। आम नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा जिले के सागर शहर, बंडा तथा बीना तहसील में एक साथ औचक निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए गए।

### संगीत से दिया नशे के खिलाफ संदेश

**सागर।** सांदीपनि विद्यालय जैसीनगर में पुलिस विभाग सामाजिक न्याय विभाग, एवं शिक्षा विभाग ने सामूहिक रूप से मिलकर, नशे से दूरी है जरूरी, विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में शासकीय कलापथक कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जैसी नगर थाना प्रभारी जेपी ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा युवाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह न केवल स्वास्थ्य खराब करता है बल्कि परिवारों को तोड़कर अपराध की ओर ले जाता है। पुलिस और समाज की जागरूकता मिलकर ही नशे को खत्म कर सकते हैं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति रही। नशा मुक्ति के संदेश से भरपूर गीतों के माध्यम से बताया कि नशे से दूरी ही सच्ची खुशी है। पुलिस विभाग द्वारा छात्रों को नशे के कानूनी पहलुओं सजा और नशा मुक्ति हेल्पलाइन 1444 6 , तथा पुलिस हेल्पलाइन 100 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र शिक्षकों एवं पुलिस कर्मीयो ने मिलकर नशा मुक्ति समाज बनाने की शपथ ली। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस विभाग एवं कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है।

---

स्वास्थ्य, कृषि, नगरीय विकास सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा

# खाद की कोई कमी नहीं, प्रतिदिन खुलें वितरण केन्द्रः कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्य सचिव द्वारा 31 जुलाई को ली जाने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कमिश्नर सुचारी ने कृषि, स्वास्थ्य, नगरीय विकास, राजस्व, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सहित प्रमुख सेक्टरों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

### खाद और कृषि से जुड़े निर्देश

कमिश्नर सुचारी ने कहा कि संभाग में खाद की कोई कमी नहीं है। यूरिया एवं डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को असुविधा न हो इसके लिए संभाग के प्रत्येक जिले में खाद वितरण केन्द्र प्रतिदिन खोले जाएं। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल बीमा प्रकरणों में किसानों को राहत राशि का लाभ दिलाने और उपलब्ध बजट का समय-सीमा में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पशुपालन के संबंध में उन्होंने पशुओं का टीकाकरण बढ़ाने, कृत्रिम गर्भाधान का प्रतिशत जो अभी 34 प्रतिशत है उसे और बेहतर बनाने तथा हितग्राहियों को क्षीरधारा ग्राम योजना से लाभान्वित करने को कहा। मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सुमन कॉल सेंटर के माध्यम से हितग्राहियों का फॉलोअप समय-समय पर लिया जाए। सभी अस्पतालों में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रयास किए जाएं। संभाग में अभी मातृ मृत्यु दर 90 प्रति एक लाख एवं शिशु मृत्यु दर 36 है। कुपोषण, टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट, मधुमेह एवं रक्तचाप के क्षेत्र में भी कार्य किए जाएं।

### नगरीय विकास, जल जीवन मिशन एवं राजस्व

कमिश्नर ने जल जीवन मिशन की प्रगति के लिए विशेष प्रयास करने और संभाग में कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। नगरीय विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 एवं अमृत योजना के कार्यों में प्रगति बढ़ाने, स्वच्छता पर ध्यान देने और श्वान आश्रय स्थल संचालित करने के निर्देश दिए। सुशासन के अंतर्गत उन्होंने नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) पी.सी. शर्मा सहित स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, नगरीय विकास, पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राजस्व विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---



## गढ़ाकोटा में अष्टानिका महापर्व पर सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा स्थित चौधरी जैन मंदिर में अष्टानिका महापर्व पर सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन वाणी भूषण पंडित उदय चंद शास्त्री सागर के निर्देशन में किया जा रहा है। जिसमें सभी श्रावक गण निरंतर प्रभु की भक्ति आराधना कर पुण्य संचय कर रहे हैं इस विधान में सौधर्म इन्द्र सची, इंद्राणी प्रियंक, आरती, कुबेर इंद्र दीपक जैन, अभिलाषा जैन, श्रीपाल मैना, सुंदरी, प्रशांत, ज्योति जैन, महायज्ञ नायक दीपक, सविता जैन एवं यज्ञ नायक सेठ सुशील कुमार, मंजू सेठ, ईशानइंद्र शरद एवं सरोज जैन, सनत कुमार, इंद्र आदित्य एवं काजल जैन, माहेंद्र इन्द्र रिषभ सुमन जैन ब्रह्मइंद प्रवीण ममता जैन चक्रवर्ती प्रिंस जैन एवं साक्षी जैन महापात्र बनकर पूजा अर्चना कर रहे हैं श्री रोहित गुरहा एवं मोहित जी सिंघई अपनी स्वर लहरियों से संगीत मय पूजन अर्चन करा रहे हैं महासभा महिला इकाई की अध्यक्ष मंजू जैन सेठ एवं मिलन की अध्यक्ष अंजलि जैन ने बताया कि विधान में गढ़ाकोटा के सभी मंदिरों से श्रावक गण उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं इस विधान आयोजन में अध्यक्ष विमल जैन, सुशील सेठ, प्रियंक जैन, दीपक सहित सभी समाज के सम्माननीय जनो का सहयोग प्राप्त हो रहा है। महिला जैन मिलन शाखा गढ़ाकोटा एवं महासभा महिला इकाई गढ़ाकोटा ने सभी से इस महान अनुष्ठान में सम्मिलित होकर धर्म प्रभावना करने की अपील की है।

---




## साइकिल वितरण, श्रावण मेला शुभारंभ और दिव्यांग पंजीयन शिविर में शामिल हुईं सरोज भूपेन्द्र सिंह

**खुरई।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने खुरई क्षेत्र में आयोजित विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए शिक्षा, सामाजिक सेवा और जनकल्याण से जुड़ी अनेक गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल महूनाजाट में आयोजित ''सम्मान जो समाज के काम आए'' अभियान के अंतर्गत 250 छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री तथा 18 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की। इसके साथ ही उन्होंने दशहरा मैदान स्थित श्रावण मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा महामंगला शेड, खुरई में आयोजित निःशुल्क सहायक उपकरण परीक्षण एवं पंजीयन शिविर में भी सहभागिता की। शिविर में नगर पालिका क्षेत्र के 82 तथा जनपद पंचायत क्षेत्र के 63 दिव्यांगजनों सहित कुल 145 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। महूनाजाट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जनप्रतिनिधियों के सम्मान की परंपरा को समाजहित से जोड़ते हुए ''सम्मान जो समाज के काम आए'' अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि अब स्वागत में माला और गुलदस्तों के स्थान पर विद्यार्थियों के उपयोग की सामग्री-जैसे स्कूल बैग, टिफिन, कॉपी, पुस्तकें, पेन, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री-स्वीकार की जाती है और इन्हें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच वितरित किया जा रहा है। यह पहल समाज के सहयोग को सीधे बच्चों के भविष्य से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के गांवों से पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों के लिए साइकिल अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इससे उनकी पढ़ाई आसान होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार कराया है।

---

## दुर्गावती टाइगर रिजर्व के संरक्षण अभियान के तहत क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ के संरक्षण और संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल, पटना बुजुर्ग में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप वनमंडल अधिकारी भगवती प्रसाद तिवारी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें शुद्ध वायु, जल, भोजन तथा जीवन के लिए आवश्यक अनेक संसाधन निःशुल्क प्रदान करती है। इसलिए हमारा नैतिक दायित्व है कि हम पर्यावरण की रक्षा करें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी जिम्मेदारी के साथ देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक छोटा-सा पौधा भविष्य में अनेक लोगों को स्वच्छ वायु, छाया और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। इस अवसर पर रेंजर संजीव रंजन, सहायक वनपाल चंद्रभान सिंह ठाकुर, विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधा रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियान से नई पीढ़ी में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### गुरु रविदास जयंती पर सात माह चलेगा समरसता संकल्प अभियान की रूपरेखा पर हुई चर्चा

**सागर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' चलाएगी। अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नरयावली विधायक एवं अभियान के प्रदेश टोली सह-संयोजक प्रदीप लारिया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि संत रविदास जी के विचार सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के प्रतीक हैं तथा भाजपा उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

---

## तहसीलदार संगीता सिंह ने लिया पदभार



**गढ़ाकोटा।** सागर जिले गढाकोटा में तहसील में पदभार संभालते ही नवागत तहसील दार संगीता सिंह एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। तहसील का कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र की व्यवस्थाओं और विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लेने विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार तहसील दार की इस कार्रवाई से प्रशासनिक अमले और संबंधित विभागों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में व्यवस्थागत कमियां और कार्य में अनियमितताएं देखने को मिलीं। विभागों में पाई गई अनियमितताओं को लेकर तहसीलदार संगीता सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर ही सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से जुड़े कार्यों का समय पर निराकरण करना और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी।

## क्षत्रिय महासभा द्वारा दिसंबर में आयोजित होगा गढ़पहरा महोत्सव, ध्वजार्पण कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** सागर नगर के संस्थापक दांगी क्षत्रिय राजवंश की रियासत के केंद्र गढ़पहरा किले के प्राचीन ऐतिहासिक हनुमानजी मंदिर पहुंच कर क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में क्षत्रिय समाज के गणमान्य जनों ने पूजन एवं ध्वजार्पण कार्यक्रम किया। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में आगामी दिसंबर माह में गढ़पहरा महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियों की भी रूपरेखा बनाई गई। आषाढ़ माह के आखिरी मंगलवार के पवित्र दिन पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में क्षत्रिय महासभा जिला सागर के सभी वरिष्ठ संरक्षक व गणमान्य सदस्य, महिला विंग की सदस्यों ने केसरिया ध्वजा के साथ गढ़पहरा हनुमान जी के मंदिर में पहुंच कर दर्शन किए। मंदिर के पुरोहितों की उपस्थिति में विधिपूर्वक पूजन हुआ और ध्वजा अर्पित की गई। तत्पश्चात क्षत्रिय महासभा के सभी गणमान्य किला परिसर में एकत्रित हुए जहां पूर्व गृहमंत्री ने गढ़पहरा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों पर अपने विचार साझा किए।

---

खुरई और मालथोन में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण सत्र आयोजित

# हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की होगी रियल-टाइम ट्रैकिंगः गलत डेटा और लापरवाही पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने तथा शून्य आईएमआर और शून्य एमएमआर के लक्ष्य के साथ कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉक में मैदानी अमले का सघन ओरिएंटेशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खुरई एवं मालथोन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण में मैदानी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई तथा सेवाओं में गुणवत्ता लाने हेतु कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मैदानी स्तर पर बरती जाने वाली सावधानियों, मानक संचालन प्रक्रिया और प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशिक्षण सत्र में स्पष्ट किया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या डेटा मिसमैच की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए एएनएम, आशा, सीएचओ एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की गई है। प्रशिक्षण में गलत डेटा प्रविष्टि रोकने, एलएमपी , ईडीडी एएनसी तथा टीकाकरण का सटीक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य बताया गया। इसके साथ ही प्रथम तिमाही (12 सप्ताह) के भीतर गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन व पहली एएनसी जाँच पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित स्क्रीनिंग कर (बीपी, हीमोग्लोबिन, वजन) उनकी सूची स्वास्थ्य केंद्रों में चस्पा करने तथा जोखिम वाले मामलों में महिलाओं को प्रसव से 7 से 10 दिन पूर्व ही 'बर्थ वेटिंग रूम' में भर्ती कराने के निर्देश दिए गए। अत्यधिक गंभीर मामलों (15 दिन के भीतर प्रसव संभावित एचआरपी) को तत्काल जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज रेफर करने को कहा गया है, ताकि प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में समय (गोल्डन टाइम) व्यर्थ न हो।

इसके अतिरिक्त, विवाह के तुरंत बाद लक्ष्य दंपत्ति की समग्र आईडी प्राप्त करने, प्रसव पूर्व ई-केवाईसी व डीबीटी लिंक कराने और शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। मैदानी स्तर पर योग्य दंपतियों से संवाद और प्रसव-पश्चात गृह भेंट के दौरान काउंसलिंग में आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख भूमिका तय की गई है। व्यवस्था की सतत निगरानी हेतु एएनएम, आशा और सीएचओ के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी तथा आशा सुपरवाइजरों द्वारा यादृच्छिक रूप से गृह भेंट की जांच की जाएगी, जिससे जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा को पूर्णतः सुनिश्चित किया जा सके।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित अनमोल पोर्टल युविन पोर्टल पर सही समय में, सही तरीके से जांच कर लिया गया सही डेटा दर्ज करने पर भी अत्यधिक जोर दिया गया। क्योंकि भविष्य में सही डेटा प्रविष्टि से ही गर्भवती माता और शिशु का उचित प्रबंध किया जा सकता है।

प्रशिक्षण सत्र में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, एसडीएम सतीश वर्मा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर देवेश पटेरिया, जनपद सीईओ मीना कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



## रेड डॉट अभियान के तहत चंद्रप्रभु शाखा की महिलाओं ने स्कूली छात्राओं को जागरूक किया

**सागर।** प्रांतीय प्रोजेक्ट रेड डॉट अभियान के तहत प्रांतीय अध्यक्ष माधवी शाह के निर्देशानुसार अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की चंद्र प्रभु शाखा द्वारा आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा आठवीं की 65 छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता संबंधी एवं सैनिटरी पैड्स के निपटान संबंधी जानकारी दी गई। शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह ने बताया सैनिटरी पैड्स प्रांतीय सहसचिव रेड डॉट प्रभारी मुक्ता जी के सौजन्य से वितरित किए गए। स्कूल की छात्राओं को बताया कि किस तरह हमें सैनिटरी पैड्स का उपयोग करने के पश्चात उन्हें डिस्पोज करने के लिए पुराने अखबार के पेपर बैग में रखकर उसे पर लाल बिंदु बनाकर कचरा गाड़ी के पीले रंग के डिब्बे में डालना चाहिए। इस तरह से की गई हमारी छोटी सी पहल सफाई मित्रों को संक्रमित होने से बचाएगी और हम पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकेंगे । प्रांतीय संगठन मंत्री संध्या रांधेलिया ने बालिकाओं को बहुत ही सरल तरीके से गुड टच बेड टच के विषय में समझाया। इस अवसर पर प्राचार्य हीरा साहू एवं अन्य शिक्षिकाएं, परिषद की प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी मंजरी व ममता फुसकेले, प्रांतीय चेयरपर्सन पूजा सिंघई, सचिव नीना शाह, कोषाध्यक्ष नीतू जैन,शरद और सरोज उपस्थित थीं। प्राचार्य और सभी शिक्षिकाओं ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि छात्राओं की झिझक समाप्त हो और वह जागरूक हो सकें। प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू मगन एवं संभाग अध्यक्ष शिवानी सिंघई ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।

**खबर संक्षेप**



### डॉ बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना में समयबद्ध करें आवेदन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में डॉ भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए शासन द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार विधानसभा-क्षेत्रवार चयनित अम्बेडकर पार्क स्थलों के विकास, सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 31 जुलाई तक जनप्रतिनिधि व क्षेत्रीय लोगों से प्रस्ताव व आवेदन आमंत्रित किये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्थापित डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं तथा स्मृति स्थलों का संरक्षण, सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कर उन्हें प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधानसभा-क्षेत्रवार स्थलों का चयन कर शासनादेश के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करते हुए समयसीमा के भीतर उपलब्ध कराये जायें। प्रस्तावों के साथ स्थलीय निरीक्षण आख्या, तकनीकि मूल्यांकन, विस्तृत आगणन तथा स्थल की वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ भी अनिवार्य रूप से संलग्न किये जाएं। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं सम्बंधित विभागों तथा आम लोगों से कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में योजना के मानकों के अनुरूप कोई अम्बेडकर मूर्ति स्थल है तो उसका प्रस्ताव व आवेदन 31 जुलाई तक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए जिलाधिकारी भी एक सूचना प्रेषित करें, ताकि समयबद्ध रूप से कार्यवाही करते हुए योजना का लाभ सम्बंधित स्थलों को मिल सके। स्थल चयन, निरीक्षण, आगणन, निविदा एवं निर्माण कार्य की प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से पूर्ण की जाएगी तथा 31 दिसम्बर तक परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### टीबी के मरीज पौष्टिक आहार लें, दवा बीच में न छोड़ें: डॉ. सोनी

**ललितपुर।** क्षयरोग (टीबी) के मरीजों को उपचार के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने के साथ-साथ चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं का नियमित सेवन करना चाहिए। इलाज के बीच में दवा छोडऩा बीमारी को गंभीर बना सकता है। यह बात जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने टीबी मरीजों और उनके परिजनों को जागरूक करते हुए कही। बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। मरीज यदि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार पूरे उपचार काल तक नियमित दवा लेते हैं, तो वे पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मरीज स्वास्थ्य में सुधार महसूस होने पर दवा लेना बंद कर देते हैं, जिससे बीमारी दोबारा उभर सकती है और दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है।

## गोवंश को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने की मांग

# संतों, गो सेवकों और विहिप-बजरंग दल की केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय व राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग





### राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा स्मरण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

देशव्यापी गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिले के संत समाज, गोसेवकों एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक स्मरण पत्र सौंपा। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि इससे पूर्व 27 अप्रैल 2026 को भी इसी विषय पर देशभर से प्रार्थना पत्र भेजे गए थे। अब उसके अनुसरण में यह स्मरण पत्र भेजकर मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। स्मरण पत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51 ए (जी) की मूल भावना के अनुरूप अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को राष्ट्रमाता/राष्ट्र आराधना का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने, केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना करने तथा गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरे देश में लागू होने वाला एक एकीकृत केंद्रीय कानून बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महंत रामलखन दासजी महाराज, महंत नरसिंह मंदिर श्रीगंगादास महाराज एवं महंत त्यागीजी महाराज के संरक्षण में अभियान संचालित किया गया। अभियान प्रमुख सुधांशु शेखर हुण्डैत ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न आधार है। इसलिए उसके संरक्षण के लिए प्रभावी एवं संवैधानिक व्यवस्था समय की आवश्यकता है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, जिला कार्यवाह अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, प्रांतीय नेता रामेश्वर मालवीय, बजरंग दल के प्रांत सेवा संयोजक शुभम कौशिक, जिला उपाध्यक्ष मदन बिजारिया, जिला मंत्री ध्रुव साहू, जिला सह-मंत्री उदयभान सिंह परमार, नगर अध्यक्ष राजू जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा गोपुत्र सेना अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला, गौसेवक मनीष दुबे (दरोनी), अनुज शर्मा, मोनू सेन, अभिषेक दुबे, उमेश सुड़ेले, आदेश पुरोहित, पवन गिरी (खितवांस), संदीप चतुर्वेदी, भारत भूषण कर्नोनिया, मनोज पुरोहित, संजय जैन (राजू), उमेश मुंडले, अनुज दीक्षित, आशीष लटोरिया, अमर दुबे, बृजेन्द्र सिंह, विनोद शर्मा, कुलदीप दुबे, भारत राजा बुंदेला, शिवम बार, वासुदेव पटवा, विनीत तिवारी, राहुल जैन, एड.सक्षम दीक्षित, अंकित मिश्रा, अंशुल झा, संजू ग्वाला, नितिन झा सहित सैकड़ों गौसेवक एवं गोभक्त मौजूद रहे।

## पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कलाम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारतरत्न स्व. डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने की। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों ने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डा.कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डा.कलाम का सादगीपूर्ण जीवन, उत्कृष्ट चरित्र, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने देश की वैज्ञानिक प्रगति, रक्षा क्षेत्र के सशक्तिकरण तथा युवाओं को सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देने में अमूल्य योगदान दिया। नगराध्यक्ष ने कहा कि डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने अपने ज्ञान, कर्म और राष्ट्रभक्ति से विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया। वह युवाओं के आदर्श थे और उनका जीवन ईमानदारी, परिश्रम एवं राष्ट्रसेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि डा.कलाम के विचार आने वाली पीढिय़ों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। अंत में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री शशिकांत दीक्षित के जिला बार एसोसिएशन में उपाध्यक्ष तथा अजय कुशवाहा के कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर कांग्रेसजनों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही दोनों पदाधिकारियों के सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।

संचालन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमन साहू ने किया। इस दौरान मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, पंकज हुण्डैत, एड.शशिकांत दीक्षित, मकरंद किलेदार, सुनील खजुरिया, अजय कुशवाहा, संतोष राय, वाशु जैन, श्रीजल जैन, महेश चंद्र, राहुल सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला अस्पताल के पास से युवक का अपहरण

# पिसनारी बाग में बंधक बनाकर युवक से डंडों, बेल्ट से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में युवक के कथित अपहरण और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला अस्पताल के पास से चार पहिया वाहन में आए लोगों ने एक युवक को जबरन उठा लिया और पिसनारी स्थित एक बाग में ले जाकर कई घंटों तक बंधक बनाकर लाठी-डंडों, बेल्ट और जूते-चप्पलों से बेरहमी से पीटा। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने नामजद आरोपी और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम घाट खिरिया कृष्णकांत तिवारी पुत्र संतोष तिवारीने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 24 जुलाई 2026 को काम के सिलसिले में ललितपुर आया था। शाम करीब 5 बजे वह जिला महिला अस्पताल के मुख्य गेट के पास से गुजर रहा था, तभी उसका दूर का रिश्तेदार बानपुर निवासी आशु रावत पुत्र रवि रावत अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ चार पहिया वाहन से वहां पहुंचा। आरोप है कि आरोपियों ने उसे जबरन वाहन में बैठा लिया और मारपीट करते हुए पिसनारी स्थित एक सुनसान बाग में ले गए। वहां उसे करीब तीन से चार घंटे तक बंधक बनाए रखा गया तथा लाठी-डंडों, बेल्ट और जूते-चप्पलों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। कृष्णकांत ने बताया कि किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर भागने में सफल रहा। इसके बाद उसने अपने चाचा पुरुषोत्तम तिवारी को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। आरोप है कि जब उसके चाचा टीकमगढ़ से ललितपुर के लिए रवाना हुए, तो आरोपियों ने किसी के माध्यम से फोन कर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया, जिससे वे मौके तक नहीं पहुंच सके। पुलिस को बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और घटना के बाद से उसे अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर आशु रावत एवं उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

## नपा की बोर्ड बैठक पर घमासान, पार्षदों ने कमिश्नर से लगाई गुहार

# बिना कोरम प्रस्ताव पारित, विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। नगर पालिका की हाल ही में आयोजित बोर्ड बैठक को लेकर कई पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड संख्या-18 के सभासद आलोक कुमार जैन मयूर के नेतृत्व में कई सभासदों ने झांसी मंडल के आयुक्त (कमिश्नर) को शिकायती पत्र भेजकर 18 जुलाई 2026 को हुई बोर्ड बैठक को निरस्त करने तथा पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका प्रशासन ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 87(ख) के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए बिना वैधानिक कोरम के बैठक आयोजित कर दी। पार्षदों का कहना है कि बैठक के दौरान 26 में से 14 सभासदों ने विरोध दर्ज कराया था, इसके बावजूद मात्र 10 से 15 मिनट में सभी प्रस्तावों को आनन-फानन में पारित घोषित कर दिया गया, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों के टेंडरों में कई वार्डों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इससे अनेक क्षेत्रों के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। साथ ही शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई गई है। शिकायत में हाल ही की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि शहर में लगे एक स्वागत द्वार से मार्बल का टुकड़ा गिरने से कोचिंग जा रही एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पार्षदों का आरोप है कि यह घटना निर्माण कार्यों में लापरवाही और घटिया गुणवत्ता का परिणाम है।

शिकायती पत्र में नगर पालिका अध्यक्ष के परिजनों, विशेषकर उनके ससुर द्वारा पालिका के कार्यों में हस्तक्षेप किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पार्षदों ने पालिका कार्यालय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि नियमानुसार प्रत्येक दो माह में बोर्ड बैठक होना अनिवार्य है, जबकि नगर पालिका में पांच से छह माह के अंतराल पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिससे जनहित के मुद्दे लंबित रहते हैं। शिकायतकर्ताओं ने झांसी मंडल के आयुक्त से मांग की है कि 18 जुलाई 2026 की बोर्ड बैठक को निरस्त किया जाए, नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, बोर्ड बैठक का एजेंडा नियमानुसार पूर्व में जारी किया जाए तथा पालिका की कार्यप्रणाली में किसी भी बाहरी हस्तक्षेप पर तत्काल रोक लगाई जाए। शिकायती पत्र पर पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद रमेश कुमार, पार्षद एड. मनमोहन चौबे, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद धर्मेन्द्र कुशवाहा, पार्षद मिथिलेश, पार्षद जानकी प्रसाद सहित अन्य सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

## ब्राह्मण महामंडल प्रतिनिधिमंडल ने नवागत एसपी से की भेंट

# जनहित, सामाजिक सरोकार के साथ कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर की सार्थक चर्चा

**ललितपुर।** ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष अशोक पटैरिया ने नवागत एसपी संजीव कुमार बाजपेयी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न जनहित, सामाजिक सरोकारों एवं कानून-व्यवस्था के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने जनसहभागिता के माध्यम से पुलिस-प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। ब्राह्मण महामंडल अध्यक्ष ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में ललितपुर में शांति, सुरक्षा और जनसेवा की



व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इस दौरान ब्राह्मण महामंडल महामंत्री परमानंद तिवारी, पत्रकार पवन कुमार संज्ञा, मदन शर्मा, रमाकांत तिवारी तथा पत्रकार प्रमोद बबेले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बाजार से लौट रही युवती से मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र में बाजार से घर लौट रही एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बांसी निवासी शारदा पत्नी आनंद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री चंचल 25 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2.40 बजे किसी कार्य से बांसी बाजार गई थी। शाम करीब 5 बजे जब वह घर लौटी तो डरी-सहमी थी और उसके शरीर पर चोट के निशान थे।

## पति की शराब की लत, विवाद से थी परेशान

# धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास मां ने दो मासूम बच्चों संग ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना में वर्षीय महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में महिला और दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान थाना जाखलौन के ग्राम धौर्रा निवासी दीपा यादव पत्नी विक्की यादव के रूप में हुई है। उसके साथ उसके दो मासूम बच्चों शिवांगी (लगभग 5 वर्ष) और कृष (लगभग 2 वर्ष) की भी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे धौर्रा रेलवे स्टेशन और रणछोड़ रेलवे क्रॉसिंग के बीच हुई। सूचना मिलते ही जाखलौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी ललितपुर से समन्वय स्थापित किया। जीआरपी ने नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका का पति विक्की यादव शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी से विवाद करता था। पुलिस के अनुसार, इसी पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर महिला द्वारा अपने दो बच्चों के साथ आत्मघाती कदम उठाने की आशंका है। हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि दीपा की शादी करीब दस वर्ष पहले विक्की यादव से हुई थी। दंपति के तीन बच्चे थे, जिनमें से इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बेटी सुरक्षित है।

### इनका कहना है

सोमवार सुबह थाना जाखलौन क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला द्वारा अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी ललितपुर के साथ समन्वय स्थापित कर नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में पति की शराब की लत और दंपति के बीच होने वाले विवाद की बात सामने आई है।

## महरौनी में बसपा की सेक्टर-बूथ गठन बैठक संपन्न

# संगठन मजबूत करने व चुनावी रणनीति पर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में 227 विधानसभा महरौनी क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्षों एवं सेक्टर महासचिवों की बैठक महरौनी में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेक्टर एवं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना तथा आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा।

बैठक में पार्टी सुप्रीमो बहन कु.मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर होती है, इसलिए प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। साथ ही बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं चार बार रही बसपा सरकारों के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिसका जितना हिस्सा भारी, उसकी उतनी भागीदारी तथा मजबूत बूथ, मजबूत संगठन, बहुजन समाज की यही पहचान जैसे नारों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया गया। मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी दीपक, रामसिंह कुशवाहा एवं केहर सिंह गौतम रहे। विशिष्ट अतिथियों में महरौनी वि.स.प्रभारी ब्रजेश अहिरवार, मुहम्मद खां, कपूरचंद पाल, प्रेमपाल, संजय अहिरवार, राघवेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह बघेल, काशीराम छायन, गगन बिहारी, रामबगस शामिल रहे। अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने की, जबकि संचालन रामदयाल मनहर ने किया। इस दौरान लाखन सिंह कुआघोषी, देशपत चांदोरा, हीरालाल पाल, हीरालाल अहिरवार, वृंदावन बौद्ध, खुशीराम निराला, आशीष चौधरी, कांसीराम टिकरा, रामस्वरूप, रघुवीर, मूलचंद्र, गोकुल प्रसाद, दीपचंद्र, रमेश प्रसाद, खुशीलाल कुशवाहा, राजू, अजय कुमार, नथू, बच्चूलाल, भगवानदास प्रजापति, हरिश्चन्द्र भारती, सुनील कुमार अजनौरा, राजेंद्र कुमार, दशरथ, रवि, उद्देश्य कुमार, रामदयाल, महेंद्र कुमार, भागीरथ, चंद्रभान, जयराम, संतोष कुमार, इंद्रपाल सिंह, सौरभ, कैलाश अहिरवार (छपरट), मूलचंद अहिरवार (सिलावन) सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक/4329/न.पा./निर्माण/2026 :: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :: टीकमगढ, दिनांक 27/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_464269_2 28/07/2026 को सायं 05.00 बजे से | वार्ड नं. 20 में विभिन्न गलियों में सी.सी. एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । (द्वितीय निविदा) | 6 माह 8321351.00 | 10000 62410 | 14.08.2026 को सायं 05.30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

पीर की मजार पर लगेगा गुरुपूर्णिमा का मेला,चूरमा-बाटी का लगेगा भोग

# गुरुपूर्णिमा पर आज मेवाड़ा में दिखेगी सांप्रदायिक सदभाव की अनूठी झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भले ही आज यहां-वहां सांप्रदायिकता की स्थिति नजर आती हो, लेकिन वर्षों पुरानी कई परंपरएं आज भी सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। कुछ यही स्थिति है कि मानपुर क्षेत्र के मेवाड़ा गांव में, जहां पीर बाबा की मजार पर गुरुपूर्णिमा का मेला लगता है। इस अनोखे मेले में एक सूफी संत पीर बाबा की मजार पर हिंदूधर्मावलंबी एकत्रित होते हैं और पूजा करते हैं। 99 फीसदी हिंदू आबादी वाले मेवाडा गांव में एक सूफी संत की मजार पर मेला और पूजा-अर्चना करना और वो भी गुरुपूर्णिमा के दिन, अपने आप में एक सांप्रदायिक सद्भाव की अनोखी तस्वीर है।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक लगभग पांच सौ साल पहले एक सूफी संत पीर बाबा ग्राम मेवाड़ा में रहते थे और यहां शांति व भाईचारे का संदेश देते थे। शांति व भाईचारे का संदेश देते हुए उन्होंने यहीं जिंदा समाधि ली थी। जिसके बाद उनके अनुयायियों ने उनकी मजार बनाई और तभी से हिंदूधर्मावलंबियों द्वारा पीर बाबा की पूजा-अर्चना की जाती है। यूं तो गांव के लोग अन्य दिनों में भी पीर बाबा की मजार पर जाते हैं, लेकिन गुरुपूर्णिमा के दिन का विशेष महत्व है। जिसके चलते गुरुपूर्णिमा पर यहां मेवाड़ा के लोग एकत्रित होते हैं, बल्कि वो लोग भी आते हैं जो या मेवाड़ा छोड़कर बाहर रहे रहे हैं, या फिर यहां के निवासियों के रिश्तेदार हैं। 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा पर लगने वाले इस मेले में सांप्रदायिक सद्भाव साफ झलकता दिखाई देगा।



### चूरमा बाटी का लगता है भोग

हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख त्यौहार गुरुपूर्णिमा पर मेवाड़ा में पीर बाबा की मजार पर लगने वाले इस मेले के खास बात यह है कि यहां मेवाड़ा के हर घर से भोग जाता है और वो भी चूरमा-बाटी का। यही वजह है कि लगभग 500 घरों के ग्राम मेवाड़ा में गुरुपूर्णिमा के दिन चूरमा-बाटी बनाई जाती है और परिजनों के खाने से पहले पीर बाबा की मजार पर भोग लगाया जाता है। यही वजह है कि गांव में गरीब और अमीर सभी चूरमा बाटी बनाकर कूंडा (भोग)चढ़ाते हैं।

### गुरुधामों पर लगेगा शिष्यों का मेला,होगे भंडारे



शहर समेत जिलेभर में मौजूद गुरुधामों पर बुधवार को गुरूपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा,जहां गुरू पूजन के लिए शिष्यों की भीड़ उमडेगी। इसके लिए गुरु आश्रम, मंदिरों और मठों में तैयारियां पूरी कर ली गई है।शहर सहित अंचल के प्रमुख मठ-मंदिर और गुरुधामों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही है,गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन और भंडारे होंगे। सुबह से गुरुधामों पर दर्शनों के लिए लोगों का पहुंचना शुरू हो जाएगी। जिले में सबसे ज्यादा भीड़ गुरु पूर्णिमा पर जतीघाट पर रहती है, यहां इन दिनों भागवत कथा चल रही है, जिसका समापन भी गुरूपूर्णिमा को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। जतीघाट के अलावा गायत्री शक्तिपीठ, संत अवध बिहारी आश्रम, सिरोनी, आसाराम गोशाला, जाटखेड़ा, ढेंगदा आश्रम, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर शिष्यों का जमावड़ा लगेगा।

एनएच 552 किनारे बसे सोंईकलां से हुई ग्राम चौपाल लगाने की शुरुआत

# ग्रामीणों को राहवीर बनाने यातायात पुलिस गांव-गांव लगाएगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सडक दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाने और सडक दुर्घटनाओं का ग्राफ कम करने के उददेश्य को लेकर यातायात पुलिस अब गांव गांव चौपाल लगाने का नवाचार करने जा रही है। ग्राम चौपाल के दौरान यातायात पुलिस ग्रामीणों को जागरूक करेगी कि वे एक्सीडेंट के दौरान घायल होने वाले व्यक्तियों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाए और राहवीर बनकर पुरस्कार प्राप्त करें। क्योंकि पुलिस अब राहवीर योजना के तहत ऐसे लोगो को चयनित करके पुरस्कार दिलवाए जाने का काम करेगी,जिनके प्रयास से किसी घायल की जान बचेगी। नवागत पुलिस कप्तान मोतीउर रहमान के निर्देश पर यातायात थाना पुलिस ने ग्राम चौपाल लगाने के नवाचार की शुरूआत मंगलवार को नेशनल हाइवे 552 किनारे बसे पर सोंईकलां में ग्राम चौपाल आयोजित करके कर दी है।

देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां में मंगलवार को आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत, देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, यातायात थाने के सूबेदार अनिल बाथम तथा यातायात व देहात थाने का स्टाफ मौजूद था। ग्राम चौपाल के दौरान बडी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने जागरूक करते हुए कहा कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने और दुर्घटनाओं में घायल लोगो की जान बचाने के लिए शासन की ओर से राहवीर योजना सहित हिट एंड रन प्रतिकर योजना, पीएम राहत कैशलेस उपचार योजना जैसी कई योजनाएं संचालित की जा रही है। यहां के ग्रामीण भी इस दिशा में जागरूक बनकर इन योजना का लाभ उठाए। राजपूत ने कहा कि ग्रामीण राहवीर बनकर जहां सम्मान के साथ 25 हजार रूपए का पुरस्कार पाने के हकदार बनेगे,वहीं उनके इस प्रयास से किसी घायल की जान भी बच सकेगी। जिसका पुण्य भी उन्हें प्राप्त होगा। यातायात टीआई ने यातायात के विभिन्न नियमों, सेफ ड्राइविंग व सड़क चिन्ह एवं रोड सेफ्टी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने ग्रामीणों को नशे से दूरी बनाने के लिए जागरुक किया।





### इन गांवों में आयोजित होगी ग्राम चौपाल

यातायात थाना पुलिस श्योपुर जिले से होकर गुजरे नेशनल हाइवे 552, स्टेट हाइवे सहित अन्य प्रमुख सडक मार्गो के किनारे बसे गांवों में ग्राम चौपाल लगाएगी। यातायात पुलिस के मुताबिक शिवपुरी रोड पर कलमी, काली तलाई ,गोरस, सेसईपुरा तथा पाली सवाईमाधोपुर रोड पर रायपुरा, भोगिका, दांतरदा, तथा बडौदा रोड पर अजापुरा चंद्रपुरा, पांडोला, खातौली रोड पर ढोटी,प्रेमसर, गांधीनगर, जलालपुरा एवं चंबल नहर रोड पर वर्धा, कलारना, तिल्ली डेरा हासिलपुर और ढोढर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### गांव वार वॉलंटियर भी बनाएगी पुलिस

यातायात थाना पुलिस ने ग्राम चौपाल आयोजित करके ग्राम वार 20-20 बॉलिंटियर भी बनाएगी। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि गांव में जो भी युवा सडक हादसो में घायल लोगों की मदद करने के लिए स्वेच्छा से आगे आएगा,उन्हें वॉलंटियर नियुक्त किया जाएगा। जिन्हें सडक दुर्घटना में घायल होने वाले लोगो की मदद के लिए तत्पर रहने और दूसरो को भी इस दिशा में जागरूक बनाने के लिए कहा जाएगा।

# मंदिरों में झंडा चढ़ाने के साथ खूब किए जा रहे टोटके



श्योपुर। जिले के आसमान से रूठ चुके बारिश के बादलो को वापस बुलाने और इंद्र देवता को मनाने के उद्देश्य से किसान धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ विभिन्न टोटके भी कर रहे हैं। इन दिनों गांवों में अच्छी बारिश की कामना के लिए देवी देवताओं के मंदिरों पर झंडा चढ़ाने के साथ ही कई टोटके भी किए जा रहे हैं ऐसे ही टोटकों में प्राचीन समय से चले आ रहे मेंढक मेंढकी की शादी कराने वाला बच्चों का खेल भी प्रसिद्ध है जो गांव में इन दिनों खूब देखा जा रहा है।

बच्चों द्वारा इंद्र देवता को खुश करने के लिए प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा मेंढक मेंढकी की शादी कराने और उसे गांव में घूम कर बारिश की कामना करने का काम खूब हो रहा है। एक बर्तन में गाए के गोबर से मेंढक और मेंडकी की आकृति बनाई जाती है और उसे फूलों से सजाकर ऐसा दर्शाया जाता है जैसे दोनों की शादी हुई हो लेकिन पानी के अभाव में यह जोड़ा तड़प रहा है और इसी को लेकर लोकगीत ₹इंदर राजा बेगो आ, मैठकड़ी को पानी पुआ, म्हारो खेत सूखा हो जाए₹ गया जाता है बच्चे जिस दरवाजे से गुजरते हैं उस दरवाजे पर उक्त बर्तन में पानी डालकर बहाया जाता है यह परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही हैं इनका असर कुछ होता है या नहीं यह तो ऊपर वाला ही जाने पर ऐसा लगता है कि ऊपर वाला इन दिनों जमीन वालों से शायद रूठा हुआ है जिससे बारिश के सीजन में भी चैत्र सा मौसम दिखाई पड़ रहा है।

# नशे के प्रति जागरूकता लाने आज कॉलेज से गांधी पार्क तक होगी मिनी मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा की पहल पर शुरू हुए क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना के क्रम में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत 29 जुलाई को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से मिनी मैराथन दौड आयोजित की जायेगी। पुलिस विभाग के तत्वाधान में सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाली मिनी मैराथन 29 जुलाई को प्रातः 07 बजे पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज ऑफ श्योपुर से शुरू होगी, पाली रोड होते हुए होने वाली इस दौड का समापन शहर के गांधी पार्क गुलम्बर पर किया जाएगा। मिनी मैराथन में कॉलेज छात्र सहित एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थाएं तथा खिलाडी शामिल होंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का ने बताया कि स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी एवं नागरिकगण उक्त मिनी मैराथन दौड के लिए नशे के दुष्प्रभावो के प्रति जागरूकता एवं जनचेतना से संबंधित स्लोगन, नारो की प्रविष्टियां अपने-अपने विद्यालयों के प्राचार्यो के माध्यम से उपलब्ध करा सकते है, श्रेष्ठ 10 स्लोगन लिखने वालों को दौड के समापन अवसर पर क्रियेटिव श्योपुर की ओर से प्रशस्ती पत्र प्रदान किये जायेगे।

### स्कूलों में लगाई कॉलेज के प्रोफेसरों ने क्लास, छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स





श्योपुर। कॉलेज चले हम अभियान के तहत मंगलवार को गर्ल्स कॉलेज के प्रोफ़ेसरों ने कन्या उमावि एवं सांदीपनि विद्यालय पहुंचकर विधार्थियो की क्लास लेते हुए उन्हें पढ़ाई के टिप्स दिए और सरकारी कॉलेज में मिलने वाली फेसलिटी बताई। प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे प्रवेश मेले कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर एवं सी एम राइज (सांदीपनि विद्यालय) श्योपुर में महाविद्यालय में प्रवेश लेने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस वेदांकी खंडेलवाल ने विज्ञान विषय में कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तार से बताया। वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक डॉ धर्मेन्द्र शाक्य ने वाणिज्य विषय में कैरियर के क्षेत्र सी ए, बैंकिंग एवं अन्य क्षेत्रों में कैसे कैरियर बनाकर अपनी क्षमता का विकास करे पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के डॉ खेमराज आर्य ने बताया कि अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सही दिशा में प्रयास करके आसानी से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में कन्या विद्यालय के प्राचार्य एमएल गर्ग एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# जबरिया स्मार्ट मीटर लगाने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बड़ौदा नगर में बिजली कंपनी द्वारा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ नाराज लोगों ने मंगलवार को बिजली घर पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेस नेता रितेश तोमर ने अधिकारियों को बताया कि बड़ौदा में उपभोक्ताओ की सहमति के बिना जबरिया स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो नियमों के विपरीत है। जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं वहां भेजे जा रहे मनमाने बिलों की जांच कराई जाए।

बडौदा नगर में मंगलवार को हंगामा तब हुआ जब बिजली कंपनी के कर्मचारी घरों पर पुराना मीटर हटाकर नए मीटर लगा रहे थे जब उपभोक्ताओं ने जबरिया मीटर लगाने को मना किया तो बिजली कर्मचारी लड़ने पर उतारू हो गए जिसकी सूचना उपभोक्ताओं ने कांग्रेस नेता रितेश तोमर को दी जिन्होंने मौके पर पहुंच कर पहले जबरदस्ती मीटर लगाने से रोका बाद में बिजली घर पहुंच कर बिजली कंपनी के अधिकारियों को बताया कि मीटर जबरदस्ती लगाने का कोई नियम नहीं है अगर उपभोक्ता चाहे तो खुद की स्वेच्छा से वह स्मार्ट मीटर लगवा सकता है। अभी उपभोक्ताओं के घरों पर जो मीटर लगे हुए हैं वह उपभोक्ता के पैसे से खरीद कर लगाए गए हैं। बिजली कंपनी उस मीटर का पैसा बिल में समाहित कर चुकी है इसलिए उपभोक्ता का मीटर उसकी सहमति के बिना उखाड़कर ले जाना और नया मीटर जबरदस्ती लगा देना हिटलर शाही परंपरा है इसे चलने नहीं दिया जाएगा साथ ही उन्होंने कई उदाहरण भी दिए जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने के बाद भी गरीब लोगों के घरों पर 25-25 हजार रुपए के बिल पहुंचने शुरू हो गए जो जमा करना उनके बस की बात नहीं है ऐसे बिलों का जमा नहीं करने पर संबंधित उपभोक्ता पर जेल भेजने की कार्रवाई भी की जा सकती है। कांग्रेस नेता ने अडानी कंपनी के मीटर को जबरदस्ती लगाने के पीछे सरकार के मंशा पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि सरकार आम आदमी के लिए नहीं अडानी जैसे उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही बड़े हुए बिलों की समस्याओं का हल नहीं किया गया तो जनता द्वारा विधुत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा ।

शिक्षकों के साथ अधिकारियों के लिए भी परेशानी बने अटैचमेंट खत्म करने के निर्देश

# डीएम के निर्देश छात्रावास की व्यवस्था देखें शिक्षिका प्रिंसिपल का फरमान स्कूल में लगाएं ई-अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें मूल संस्थाओ में भेजे जाने के निर्देश की पालना में ट्विस्ट तब आ गया, जब एक शिक्षिका जिसकी मूल संस्था बडौदा हायरसेकंडरी स्कूल है लेकिन वह जिला मुख्यालय स्थित एक छात्रावास के संचालन की जिम्मेदारी संभाले हुए है। अब संकुल प्रिंसिपल बड़ौदा ने उक्त शिक्षिका को तत्काल मूल संस्था (बड़ौदा) में पहुंचकर ई-अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए हैं ऐसी स्थिति में महिला शिक्षक पशो-पेश में है कि वह 22 किलोमीटर दूर बड़ौदा रोज जाकर कैसे हाजिरी लगाएगी एवं स्कूल में पांच घंटे की ड्यूटी के दौरान छात्रावास का संचालन कौन करेगा।

शिक्षा विभाग में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से रोकने और अटैचमेंट खत्म करने के निर्देश की पालना इस बार जिले में जितने अच्छे से हो रही है उतनी पहले कभी नहीं हुई। वर्षों से विभिन्न ऑफिसों में जमा शिक्षकों को अपनी मूल संस्थाओ (स्कूलो) में वापस लौटा दिया गया है पर इस व्यवस्था के तहत परेशानी उन संस्थानों में आ गई जहां अटैचमेंट के बाद मूल संस्था में पहुंचे संबंधित शिक्षकों की जगह मूल काम करने वाले कर्मचारियों के टोटे पड़ गए सबसे अधिक हास्यादपद स्थिति तो अधीक्षक बनकर छात्रावास संभाल रहे शिक्षकों की हुई है जिन्हें संकुल प्रिंसिपल छात्रावास छोड़कर मूल संस्था में लौट के निर्देश दे रहे हैं। वहीं संबंधित शिक्षक कलेक्टर आदेश के बिना छात्रावास छोड़ने को तैयार नहीं है। क्योंकि अधीक्षक कलेक्टर के निर्देश पर बनाए गए हैं और ऐसे स्थानों पर अटैचमेंट खत्म करने लिए कलेक्टर की अनुशंसा लेनी पड़ेगी।





### ऑफिसों में बाबुओं के टोटे

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के अटैचमेंट तो समाप्त कर दिए और उसका पालन जिला स्तर पर खूब हो भी गया लेकिन परेशानी यह आ गई कि शिक्षा विभाग इस दौरान ऑफिस में जो बाबू के टोटे लम्बे समय से पड़े हुए हैं उनकी पूर्ति नहीं कर पाया है। श्योपुर के ऑफिसो में 60 फीसद से अधिक बाबूओ की कमी है 40 फीसद से ही काम चलाया जा रहा है। इस कमी को दूर करने के उद्देश्य से ही शिक्षको से ऑफिस वर्क कराया जा रहा था लेकिन वह भी अपनी मूल संस्था पर पहुंच गए और मोबाइल के माध्यम से ही ई-अटेंडेंस लग रही है तो फिर वह भी ऑफिस में आकर कोई सहयोग क्यों करेंगे। जिससे उन बाबुओं पर वर्कलोड कई गुना बढ़ गया है जो मूल पद पर बचे हुए हैं ऐसे बाबुओं को तीन-तीन बाबू का काम अकेले करना पड़ रहा है। एक दो जगह तो अफसरों को चपरासियों से ही बाबूगिरी कराने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### शासन द्वारा दिए निर्देश के गलत निकाले मायने

शिक्षा विभाग में अटैचमेंट समाप्त करने के जो निर्देश दिए हैं दरअसल वह शिक्षा विभाग से दूसरे विभाग में अटैच हो रहे कर्मचारियों के लिए है अगर कोई शिक्षक या शिक्षा विभाग का बाबू किसी दूसरे ऑफिस में ऑफिशियल वर्क देख रहा है तो उसे वहां से तत्काल हटाकर मूल संस्था में भेजे जाने के निर्देश है अगर शिक्षा विभाग को अपनी अकादमी की व्यवस्थाएं संचालित करने या ऑफिशियल वर्क करने की जरूरत पड़ेगी तो वह शिक्षकों का सहयोग ले सकेगा लेकिन कई अधिकारियों ने गलत अर्थ निकाले हैं जिसके चलते शिक्षा विभाग को ऑफिस में ही बाबुओं के टोटे पड़ गए।

### इनका कहना...

अटैचमेंट शिक्षकों को 'गैर-शिक्षण' कार्यों में लगाने से रोकने के लिए खत्म किए गए हैं लेकिन छात्रावास जैसी जिम्मेदारी को बिना कलेक्टर के निर्देश पर छोड़कर नहीं जाया जा सकता है। न हीं महिला रोज 22 किलोमीटर दूर बड़ौदा जाकर उपस्थित लगाने को मजबूर किया जा सकता है ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों को तब तक छूट दी जाएगी जब तक उसके छात्रावास वाले स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था न हो जाए।

**एमएल गर्ग**
**बीईओ श्योपुर**

शिक्षा आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों से मिले निर्देश की पालना में उन सभी शिक्षकों को नोटिस दिए गए हैं जो मूल संस्था छोड़कर दूसरी संस्थाओं में पदस्थ हैं। अगर वह अपने मूल संस्था में आकर ई-अटेंडेंस नहीं लगाते हैं तो उनका वेतन नहीं निकाला जाएगा। इसी क्रम में संबंधित महिला शिक्षक को भी अपनी मूल संस्था में आने के लिए निर्देशित किया गया है। और यह काम जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर किया गया है।

**सुरेश नागर**
**संकुल प्रिंसिपल बड़ौदा**

मुझे छात्रावास की जिम्मेदारी संभालने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं और मैं छात्रावास को छोड़कर अगर स्कूल में जाऊंगी तो छात्रावास के व्यवस्थाएं भंग होना तय हैं इसलिए मैंने प्रिंसिपल से अनुरोध किया है कि जब तक कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश नहीं आ जाते हैं या मेरे स्थान पर किसी और की नियुक्ति छात्रावास अधिक्षक के रूप में नहीं हो जाती है तब तक मुझे ई-अटेंडेंस से मुक्त रखा जाए।

**गीता वैश्य**
**छात्रावास अधिक्षक एवं शिक्षक**

# शिशु मंदिर में शिशु भारती, बाल भारती किशोर भारती और कन्या भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर





सरस्वती शिशु मंदिर श्योपुर में मंगलवार को शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती एवं कन्या भारती का गठन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बालगिरी गोस्वामी ने बताया कि विद्या भारती की योजना अनुसार छात्रों की विभिन्न इकाइया शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती एवं कन्या भारती के पदाधिकारी निर्वाचन किया गया। जिसमें शिशु भारती में देवांश शर्मा अध्यक्ष, युवराज शर्मा उपाध्यक्ष, रामजन्म मीणा सचिव, ईशू मीणा सह सचिव बनाए गए। बाल भारती में प्रतिज्ञा शाक्य अध्यक्ष, उमंग मिश्रा उपाध्यक्ष, पुनीत मीणा सचिव, विवेक जोशी सह सचिव, किशोर भारती में रविन्द्र रावत अध्यक्ष, अनूप अर्गल उपाध्यक्ष, ज्योति वर्मा सचिव, मुकुंद गौर सह सचिव, तरुण भारती में धीरज शर्मा अध्यक्ष, रेणु शर्मा उपाध्यक्ष, भारती रेगर सचिव, हिमांशु रेगर सह सचिव बनाए गए। जबकि कन्या भारती में दिव्यांशी शर्मा अध्यक्ष, अनुष्का शर्मा उपाध्यक्ष, पूर्वी सिंघल सचिव, कृष्णा सह सचिव, किंजल शर्मा कोषाध्यक्ष बनाई गई है।

### कलेक्टर ने देखी सलई पेड गोंद संग्रहण की प्रक्रिया



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा ने कलमी क्षेत्र में सलई पेड से गोंद संग्रहण करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गोंद संग्राहको से चर्चा भी की। बताया गया कि इसका सीजन सर्दियों से शुरू होता है, जो होली के बाद तक चलता है। पेडो के तने में गोंद निकालने के लिए पहले छाल को हटाया जाता है और गोंद संग्रहण के लिए लोहे के साचे फिक्स किये जाते है। यह गोंद 300 से 400 रूपये किलो तक की दर पर विक्रय होता है। कलमी के पास सलई पेडो के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद सहित वन विभाग के एसडीओ, रेंजर आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर द्वारा इस अवसर पर तेंदूपत्ता संग्रहण तथा जडीबुटी संग्रहण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। बता दें कि वन विभाग अंतर्गत गोंद को एक जिला

### घर में घुसकर महिला से छेडछाड,आरोपी फरार

श्योपुर। बडौदा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ नामजद आरोपी के द्वारा रात्रि के दौरान घर में घुसकर छेडछाड करने का मामला सामने आया है। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी सतीश सिंह चैहान ने बताया कि पीडित महिला जब रात्रि के दौरान अपने घर में सो रही थी,तभी आरोपी रामू उर्फ रामराज गुर्जर ने रात्रि के दौरान घर में घुसकर महिला से छेडछाड कर दी। महिला के चिल्लाने पर परिवार के लोगों की नींद खुल गई, जिसके बाद आरोपी भाग निकला। पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी पर छेडछाड का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से किशोरी की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम सीहोरा निवासी आशिका पुत्री सुनील लोधी उम्र 13 साल जब पानी की मोटर चालू करने गई थी उसी दौरान उसे करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जुए के अड्डे से 16 हजार नकद 2 बाइक और 5 मोबाइल बरामद

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने पुराने प्राथमिक विद्यालय के पीछे बिजलीपुर में ताश के पत्तों से जुंआ खेलते हुए शिशुपाल लोधी कपिल लोधी, भरत लोधी, जसराम अहिरवार, सोना अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी 16250 नगर, 2 बाईक और 5 मोबाइल बरामद किए हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैलाबाग निवासी अतुल राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा अहिरवार और जीतू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जतौली निवासी मनीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वकील कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**अशोकनगर।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। इसी क्रम में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि महाविद्यालय के समस्त संकायों एवं पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएँ प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई तक महाविद्यालय में अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### चोरी की वारदात में फरार चल रहे शेष आरोपी गिरफ्तार



**अशोकनगर।** थाना शाढौरा ने चोरी की वारदात में फरार चल रहे शेष आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया शेष मसरूका बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को फरियादिया कृष्णाबाई पत्नी महेंद्र रघुवंशी, निवासी ग्राम बामोरीताल, के यहां चोरी के घटना में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से 12 लाख रूपए के जेवर बरामद किए गए थे जिनमें एक आरोपी फरार चल रहा था । प्रकरण में एक आरोपी रामकृष्ण पारदी फरार चल रहा था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। थाना शाढौरा पुलिस ने सतत प्रयास करते हुए फरार आरोपी रामकृष्ण पुत्र रामकस पारदी, उम्र 16 वर्ष, निवासी ग्राम सिंगवासा, थाना कैंट, जिला गुना को मोटरसाइकिल सहित अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम बामोरीताल में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के मेमो कथन के आधार पर उसके कब्जे से एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की बिछिया,नगद 15,000 रूपये तथा एक मोटरसाइकिल सहित कुल 1.35 लाख रूपये मूल्य का चोरी गया मसरूका बरामद किया गया।

## किरोला में वनकर्मियों पर हमला, दो लोग हुए घायल, जांच में जुटी पुलिस

# परेवा गांव में पानी की निकासी को लेकर दो पक्ष भिड़े, एक किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में दो अलग अलग घटनाएं सामने आईं हैं एक घटना में एक किसान पर दूसरे पक्ष ने ट्रेक्टर चढाकर हत्या करने का प्रयास किया तो दूसरी घटना में ग्रामीणों ने लकड़ी काटकर ले जाने से रोकने पर जान लेवा हमला किया, इस घटना में दो वनकर्मी घायल हुए हैं, जिनका उपचार मुंगावली अस्पताल में चल रहा है।

### परेवा गांव में ट्रैक्टर से बाइक सवार को कुचलने का प्रयास

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम परेवा में एक खेत से पानी निकालने के बात पर से विवाद इतना गहराया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ट्रेक्टर चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया जिससे वह बाल बाल बच गया, इस घटना में घायल निर्मल सिंह को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

### घटना की कहानी यह है

घटना की कहानी यह है कि इन दिनों किसानों के खेतों में फसलों की बुबाई के बाद अब किसानों को पानी का इंतजार है, जिले में वर्षा की रफ्तार धीमी है, किसान जो बोवनी कर चुक हैं कहीं वह बीज खराब न हो जाए जिसे लेकर किसान खेतों में पानी देने की तैयारी कर रहे हैं। कहीं पाईपलाईन डाली जा रही हैं तो कहीं खेत पर पानी के निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तरह के मामले को लेकर परेवा गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ट्रेक्टर चढाक़र कुचलने का प्रयास किया इस घटना में निर्मल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेक्टर से कुचलने के दौरान वायरल हुई वीडियों में यह आवाज भी आ रही है कि घटना की वीडियों बनाओ।

### खेत पर पानी की निकासी को लेकर हुआ था विवाद

यह पूरा विवाद निर्मल सिंह और सतवंत सिंह के बीच में है, घटना की कहानी यह है कि निर्मल सिंह जब खेत पर पहुंचा तब पडौसी सतवंत सिंह खेत में डाली गई पाईपलाईन को हटाने को लेकर विवाद कर रहा था, पहले उनके



बीच में कहा सुनी हुई और बाद में इस घटना ने बड़ा रूप धारण कर लिया। इस दौरान उनके बीच मारपीट भी की गई, जब विवाद बढ़ गया तब निर्मल सिंह पर ट्रेक्टर चढ़ाने का प्रयास किया गया, इस घटना में सतवंत सिंह ट्रेक्टर लेकर आया और उसे कुचलने का प्रयास किया, उसकी बाईक पर भी ट्रेक्टर चढ़ा दिया, इस घटना में निर्मल सिह बाल बाल बच गया, उसके सिर पर गंभीर चोटे आईं है जिसके बाद उसे ईसागढ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, वायरल वीडियो में देखने में आ रहा है कि निर्मल सिंह की हत्या करने का प्रयास ट्रेक्टर चढ़ाकर किया गया। इस पूरी घटना में निर्मल सिंह का आरोप है कि उसके साथ मारपीट भी की गई।



### पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया

पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है, एक पक्ष की ओर से निर्मल पुत्र गुरूचरण सिंह सिक्ख निवासी भटियाला मोहल्ला ईसागढ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सतवंत सिंह सिक्ख निवासी रेस्ट हाउस के पीछे ईसागढ ने महेश शर्मा का खेत बटिया पर लिया था जहां आरोपी ने उससे मारपीट की और ट्रेक्टर से कुचलने का प्रयास किया जिससे उसकी बाईक टूट गई उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सतवंत सिंह काकू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि निर्मल सिंह इंदरसिंह, छिंदरपाल ने परेबा वाले खेत में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### वन विभाग की टीम जंगल से अवैध लकड़ी जब्त करने गई, ग्रामीणों ने हमला किया, डिप्टी रेंजर और दो वनकर्मी घायल

जिले के वन विभाग के मुंगावली परिक्षेत्र में ग्राम किरोला में अवैध लकड़ी जप्त करने गई वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला किया। इस हमले में वन विभाग की टीम के डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम घायल हो गए, और दो वन कर्मियों को चोटें आई हैं,जिनका उपचार मुंगावली अस्पताल में किया जा रहा है। पूरी घटना की कहानी यह है कि वन विभाग की टीम को मुखविर से सूचना मिली थी कि किरोला के जंगलों से पेड़ काटकर बेलगाड़ियों में लकडियों को भरकर ले जाया जा रहा है। इस सूचना के बाद वन विभाग की टीम अवैध रूप से ले जाई जा रही लकडियों को जप्त करने के लिए कार्यवाही करने पहुंची। तभी लकडियों से भरी एक बेलगाड़ी को जप्त कर ट्रेक्टर से मुंगावली लाया जा रहा था तभी बैलगाडी को लेकर तीन लोग आए थे उन्होंने गांव के अन्य लोगों को बुला लिया जिसके बाद एक दर्जन ग्रामीण 5 बाईकों से मौके पर पहुंचे और ट्रेक्टर को रोक लिया। ट्रेक्टर चला रहा ड्रायवर मौके स भाग गया, ट्रेक्टर के पीछे पीछे वन विभाग की टीम आ रही थी, उस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। लाठी,डंडो और पत्थरों से किए गए इस हमले में डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम के पैर में फ्रेक्चर हो गया, वनकर्मी बलवीर पटेल को भी चोटे आई हैं। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने मुंगावली पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद मुंगावली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मुंगावली अस्पताल लाया गया। जबकि आरोपी घटना के बाद मौके से भाग गए,पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।






### 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत अशोकनगर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 1 किलो 200 ग्राम गांजा जप्त कर एक आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.07.2026 को चेकिंग के दौरान खालसा कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय पिता राजकुमार उर्फ पप्पू चावला, उम्र 46 वर्ष, निवासी खालसा कॉलोनी, अशोकनगर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसे विधिवत जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 479/2026 के अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जिला जेल भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद संगठन की विशाल बाइक रैली, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद संगठन द्वारा संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को विशाल बाइक रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक गौभक्त, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाइक रैली का शुभारंभ युगल सरकार मंदिर से हुआ। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ष्गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करोष्, गौ संरक्षण, राष्ट्र संरक्षण तथा भारत माता की जय के नारों के साथ जनजागरण किया।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाने तथा गौ संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता देने की मांग की गई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोलू यादव ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के लिए राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद का यह अभियान पूरे देश में जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद संगठन के संस्थापक अभिषेक मोहरी, सह-संस्थापक राहुल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोलू यादव, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव, ग्वालियर संभाग अध्यक्ष राहुल चैधरी तथा गौ सम्मान आह्वान अभियान के जिला प्रभारी गौरव यादव (सरसखेड़ी) सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे।

> गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर 500 से अधिक गौभक्त हुए शामिल



## समरसता संकल्प अभियान के तहत भाजपा की जिला कार्यशाला का आयोजन किया

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष में सोमवार को स्थानीय होटल राजश्री पैलेस में समरसता संकल्प अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कि इस दौरान उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने समाज को एक दिशा दी। उन्होंने लोगों को धर्म से जोड़े रखा,उन्होंने समाज की एकता समरसता के लिए अपनों के बीच रहकर अपनों का अपमान तिरस्कार सहकर भी समाज को एक रखा।




उन्होंने कहा कि संत रविदास ने तमाम यातनाएं सही लेकिन अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सागर के पास 100 करोड़ की लागत से संत रविदास मंदिर, शोध संग्रहालय बनाया जा रहा है। जहां उनके जीवन पर आधारित शोध किया जाएगा। जिससे उनके बारे में अधिक जानकारी हो सके टोली के जिला संयोजक सत्येंद्र कलावत ने भी संबोधित कर संत रवि दास जयंती पर होने वाले आगामी संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ शीला जाटव ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, राजेश पंथी,सत्येंद्र कलावत, घूमन सिंह आदिवासी अंत में आभार व्यक्त समरसता टोली के सदस्य जगन्नाथ सिंह पिप्पल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# कलेक्टर ने की समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पत्रों एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं टीएल बैठक के लंबित प्रकरणों, खाद्यान्न वितरण एवं उठाव, मध्यान्ह भोजन , आंगनवाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति तथा क्षतिग्रस्त शासकीय भवनों की स्थिति की समीक्षा की गई। क्षतिग्रस्त स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास, पंचायत भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, मानसून की तैयारियों, विस्फोटक अधिनियम के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मानसून के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए।

बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य एवं उपलब्धियों की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठकों की जानकारी, भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों तथा केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई,जिला स्तरीय जनसुनवाई के संबंध में प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदन पर समय सीमा में कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।



### जिला सलाहकार समिति की समीक्षा

बैठक में मेरा युवा भारत (माय भारत) अभियान अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि माय भारत अभियान युवाओं के सशक्तिकरण, डिजिटल पंजीकरण और राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित एक प्रमुख मंच है। जिसके माध्यम से पंजीकरण अभियानरू पोर्टल पर 15 से 29 वर्ष के युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष शिविर व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी विद्यालयों, महाविद्यालयों के समन्वय से युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन, उत्कृष्ट कार्यों को लेकर प्रमाण पत्र प्रदान किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र. जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष अशोकनगर में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा सभी को जल संरक्षण हेतु अपने अपने ग्राम में छोटी एवं बडी जल संरचनाएं निर्मित करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिससे ग्राम की आवश्यकतानुसार पानी ग्राम में ही रोका जा सके एवं भू जल पर निर्भरता कम हो सके। कार्यक्रम में डॉ. जयमंडल यादव ने कहा कि हमें पौधे लगाकर उनका पालन पोषण भी करना चाहिये। सीएमसीएलडीपी कोर्स में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार लोधी ने सभी प्रतिभागियों को अपने अपने ग्राम में स्वैच्छिकता के भाव से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा स्वैच्छिकता के भाव से कार्य करने वाले सभी प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, सीएमसीएलडीपी मेंटर्स, सीएमसीएलडीपी छात्र एवं सी.एम. इंटर्न को जल गंगा संवर्धन अभियान एवं स्वैच्छिकता पर्व में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान एवं आभार प्रदर्शन विकासखण्ड समन्वयक मनोज यादव द्वारा किया गया।

### जिला परिवहन अधिकारी ने की स्कूल वाहनों की चेकिंग



**अशोकनगर।** जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा विदिशा रोड़ पर स्थित मुस्कान पब्लिक स्कूल में आकस्मिक रूप से स्कूल वाहनों को एवं वाहनों के दस्तावेज चेक किये गए। चेकिंग के दौरान वाहन के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 03 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि 10 हजार रूपये वसूल किया गया। उक्त चैकिंग के दौरान स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर, पैनिक बटन,अग्निशमन यंत्र,फस्टऐड बॉक्स, निर्गम द्वार एवं इमरजेंसी खिड़की जाम होने पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई है। आगे भी जिले मे चेकिंग निरंतर जारी रहेगी।

# गोपालगंज में लायंस क्लब अशोकनगर ने कराया निशक्तजनों को भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा संचालित प्रभुजनों का भोजन सेवा अभियान के अंतर्गत गोपालगंज में निशक्तजनों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 70-80 निशक्तजनों को प्रेमपूर्वक एवं सम्मान के साथ भोजन कराया गया।

इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं निशक्तजनों की सेवा कर उन्हें आत्मीयता का अनुभव कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रभुजनों को ससम्मान भोजन परोसा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लायन हरि सिंह रघुवंशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। लायंस क्लब सदैव सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ समाजहित में कार्य करता रहेगा। ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और अपनत्व की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में लायंस क्लब अशोकनगर के अध्यक्ष विकास रघुवंशी, सौरभ अग्रवाल, संजय रघुवंशी, डॉ. राजेश कुमार, अभिजीत जैन, राजकुमार सोनी, आशीष बजरंगी, भंवर सिंह रघुवंशी, अमित रघुवंशी, अरुण अग्रवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे तथा सभी ने भोजन वितरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कार्यशाला आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जनपद पंचायत अशोकनगर के सभागार में सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव की उपस्थिति में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय स्वच्छता निगरानी दल गठन ,डोर टू डोर कचरा कलेक्शन,स्तोत्र पर कचरा पृथक्कीरण हेतु चार तरह के डस्टबिन प्रत्येक घर एवं संस्था स्तर पर रखवाए जाने की अनिवार्यता के साथ सुरक्षित निपटान स्थानीय स्तर पर करने के बारे में बताया गया। साथ ही खुले में कचरा फेंकने से रोकना एवं जुर्माना लगाना,सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोक लगाना, सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करना,नाडेप निर्माण एवं मरम्मत हेतु जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया कि हरा डस्टबिन-गीला कचरा सब्जी के छिलके,किचिन बेस्ट, डाईजेसटेवल सामग्री,नीला डस्टबिन-सूखा कचरा प्लास्टिक, कागज, कांच, लकड़ी, लोहा,पीला डस्टबिन-सैनेटरी कचरा- डाईपर, मेडिकल वेस्ट,लाल डस्टबिन-विशेषकचरा-ई-कचरा, बैट्री, बायर, इलेक्ट्रिक वेस्ट के बारे में बताया गया। विभिन्न डस्टबिन के माध्यम से पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को रोकने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच को लीड फेसिलीटेटर बनाकर निगरानी दल समिति ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक करने संबंधित कार्य करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में सचिव,जीआरएस एडीईओ,पीसीओ सहित जनपद स्टाफ को सामूहिक रूप से प्रशिक्षण दिया।